सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

देहरादून29 अगस्त, 2022

सोमवार कोराज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इंडियन क्रिश्चियन यूथ फेडरेशन द्वारा सेंट जोसेफ अकादमी में आयोजित मेधावी सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। छठें इंडियन क्रिश्चियन यूथ फेडरेशन अवॉर्ड में उन्होंने 105 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। यह सम्मान 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र–छात्राओं को दिया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फेडरेशन द्वारा यह सम्मान कार्यक्रम प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है जो सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के पुरस्कार और प्रोत्साहन प्रतिभाओं को विकसित करने व उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं साथ ही नई राह दिखाने का भी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आज का नवयुवक ही भविष्य का नेतृत्व करेगा। फेडरेशन ने युवा मेधावियों को पुरस्कृत करने का जो कार्य किया है उससे उन्हें आगे बढ़ने की और अधिक प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश के असली ताकत हैं उन्हें समय–समय पर प्रोत्साहित किया जाना बेहद जरूरी है वे अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से राष्ट्र व समाज में एक बदलाव की क्रांति ला सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह जरूरी है कि किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले को हमेशा पुरस्कृत किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्र–छात्राओं से कहा कि समाज को एक नई दिशा दिखाने में उनका महत्वपूर्ण रोल है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना शत प्रतिशत योगदान देने का आह्वान छात्र–छात्राओं से किया।

इस कार्यक्रम में फेडरेशन के अध्यक्ष हेमंत गुरूंग, महासचिव सेमवल विलस्न, कोषाध्यक्ष कर्नल वाशिंगटन, डॉ.एस.फारूख सहित फेडरेशन के अन्य पदाधिकारी व मेधावी छात्र–छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

..........0..........